श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
07.01.2025
पौष शुक्लपक्ष अष्टमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 135

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:22 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 20 डिग्री से.
न्यूनतम : 08 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
आधी रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया गांव >> पेज 03
अमीषा के बयान ने फैंस की बढ़ाई एक्साइटमेंट : पेज 04

**सुविचार**
एक अच्छा विचार कई बुरे विचारों को नष्ट कर सकता है

**न्यूज अपडेट्स**

### हेमंत सोरेन के सशरीर कोर्ट में उपस्थित होने के मामले में अगली सुनवाई 20 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी। झारखंड हाई कोर्ट की ओर से पूर्व में पारित स्थगन आदेश की वजह से मामले में सुनवाई टल गयी। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 20 जनवरी निर्धारित की है। मामले में एमपी-एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की बेंच में सुनवाई चल रही है। इससे पूर्व अदालत ने गत 11 नवंबर को सुनवाई के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। 25 नवंबर को फैसला सुनाते हुए अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 4 दिसंबर को अदालत में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। इससे पूर्व ईडी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया था। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता ने पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की थी। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है।

**वादा पूरा** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पूरा किया वादा : हेमंत सोरेन

# पैसे का महत्व महिलाओं के अलावा कोई नहीं समझ सकता : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं से कहा कि हमने आपसे वादा किया था कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि को दिसंबर माह से 25 सौ रुपये करेंगे, इसे पूरा कर रहे हैं। आज आप सभी के बैंक खाते में बढ़ी हुई राशि की पहली किस्त के रूप में 25 सौ रुपये का हस्तांतरण हो चुका है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अब आप सभी अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ इस राज्य के विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

सोरेन रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की परिकल्पना को जिस मजबूती के साथ धरातल पर उतारा है, उसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। हमारी इस महत्वाकांक्षी योजना को कई अन्य राज्य रोल मॉडल के रूप में देखते हुए उसे अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मैं पूरे यकीन के साथ कर सकता हूं कि महिलाओं को आगे ले जाने में यह योजना निर्णायक साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे हमें एक नई ऊर्जा और ताकत मिली है। हमारी सरकार महिलाओं के मान-






सम्मान, स्वाभिमान और हक-अधिकार देने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपने आगे बढ़ने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के मकसद से हमने इस योजना को लागू किया है। हमारे इस कदम से आप अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश को मजबूती देंगे।

### महिलाओं को बढ़ाने का संकल्प लिया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक महिला-पुरुष कदम से कदम मिलाकर नहीं चलेंगे, यह राज्य और देश आगे नहीं बढ़ेगा, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस देश में कई नीतियां, कार्यक्रम और योजनाएं बनीं, फिर भी आधी आबादी आज भी विकास से कोसों दूर है। महिलाओं को वह ताकत नहीं मिला, जिसके माध्यम से वे खुद और अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश के विकास का हिस्सा बन सकें। इसी बात को ध्यान में रखकर हमने महिलाओं को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस दिशा में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से कदम बढ़ाने का काम किया है।

### आपके सपनों को पूरा करेगी यह योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से हमारी सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था आपको दी है, जिसमें आपके सपनों को पूरा करने की पूरी क्षमता होगी। आप इस पैसे से ना सिर्फ अपनी जरूर को पूरा कर सकेंगे, बल्कि उसके माध्यम से अपने बच्चों के बेहतर पठन-पाठन के साथ अपनी आमदनी को बढ़ाने का भी मौका मिलेगा। यह सिर्फ एक योजना मात्र नहीं है, बल्कि आपको आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

### राज्य को आगे ले जाने का जिम्मा महिलाओं को

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं घर परिवार भी चलाती हैं और कामकाज भी करती है। ऐसे में पैसे का महत्व उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार घर-परिवार चलाने वाली महिलाओं पर राज्य को आगे ले जाने का जिम्मा भी सौंप रही है। अब महिलाओं के जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया घुमाने का प्रयास हो रहा है। क्योंकि, इस राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने में आधी आबादी की अहम भूमिका होगी।

### सशक्त बनेंगी बहन बेटियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य की बहन-बेटियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने बहुत बड़ा कदम उठाया है। हमारी सरकार समय-समय पर गांव और देहातों का भ्रमण भी करेगी और यह जानने की कोशिश करेगी कि आर्थिक समृद्धि के लिए आपके द्वारा किन-किन गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इस दिशा में सरकार के द्वारा आपको आगे भी पूरा सहयोग मिलेगा।

### अभाव की जिंदगी जी रहे झारखंडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य के संसाधनों के जरिए दूसरे राज्य रोशन हो रहे हैं लेकिन वर्षों से यहां के लोग अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। पिछड़ापन, गरीबी, बेरोजगारी, शोषण कुपोषण और पलायन जैसी समस्याएं आज भी इस राज्य के विकास में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। यहां के नीति-निर्धारकों की नजर में यह राज्य हमेशा हाशिये पर रहता आया है लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। इस राज्य को पिछड़ापन और गरीबी से मुक्ति दिलाएंगे और अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करेंगे।

### बैंकों का रुख सही नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के प्रति बैंकों का रुख बहुत अच्छा नहीं है। यहां के गरीब लोग बैंकों में जो पैसा जमा करते हैं, उसका इस्तेमाल कहीं और होता है। यहां के लोगों को बैंकों से जो मदद मिलनी चाहिए वह नहीं मिलती है लेकिन अब बैंकों को अपना रुख बदलना होगा। इस राज्य और यहां के लोगों की जरूरत के अनुरूप उन्हें कार्य करना होगा।

समारोह में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, सभी विधायकगण, अन्य गणमान्य अतिथि, राज्य सरकार के वरीय अधिकारी एवं सभी जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे मंईयां सम्मान योजना के लाभुक महिलाएं उपस्थित रहे।

## विकास तिवारी ने करायी पांडेय गिरोह के शूटरों की हत्या

# गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया गरदा गांव

### वर्चस्व की लड़ाई में दो अपराधियों की हत्या

**मेदिनीनगर।** झारखंड के कुख्यात पांडेय गिरोह के शूटर और पतरातू के रहने वाले भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय एवं दीपक साव उर्फ ढुल्ला का हत्या वर्चस्व की लड़ाई में हुआ। हत्या की सूचना मिलने पर भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय का चचेरे भाई गौतम पाण्डेय सोमवार को पलामू पहुंचा एवं इस मामले में पुलिस को जानकारी दी। उसके बयान पर इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।



बताते चलें कि रविवार की आधी रात पलामू जिले के चैनपुर थाना को गरदा गांव गोलियों से थर्रा उठा था। गांव के एक घर में अपराधी घुसे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। इस फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान भरत पांडेय और दीपक साव के रूप में हुई है। दोनों मोस्ट वांटेड अपराधी थे। इनका संबंध पतरातू के भोला पांडेय गिरोह से रहा है। वहीं गोलीबारी में वहीं गरदा गांव के रहने वाले स्व. अमरेश सिंह का बेटा अंशु सिंह (19) और औरंगाबाद के पोला गांव का रहने वाला महावीर सिंह (38) गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों को आनन-फानन में एमएमसीएच में रात एक बजे भर्ती कराया गया। अंशु को दोनों पैर और महावीर को हाथ में गोली लगी है। गौतम पाण्डेय का कहना है कि वर्चस्व की लड़ाई में कुख्यात अपराधी पांडेय गिरोह के विकास तिवारी ने भरत पांडेय उर्फ भरत सिंह और दीपक साव उर्फ ढल्ला की हत्या कराई है। भरत पांडेय और दीपक साव पांडेय गिरोह से अलग होकर अपना गिरोह चला रहे थे। पुलिस ने भरत पांडेय की गाड़ी के ड्राइवर को हिरासत में लिया है। दो एवं चार पहिया वाहन से करीब आठ की संख्या में अपराधी इन्हें मारने पहुंचे थे। एसपी रीष्मा रमेशन अहले सुबह घटनास्थल पर पहुंच गई थी। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचीं और अपराधियों के खिलाफ सबूत इकट्ठा किया। दोनों अपराधियों को एकदम सटा कर गोली मारी गई। एफएसएल टीम के पड़ताल के बाद शव को घटना के 15 घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया है।

## संगठित अपराध के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसपी

**रामगढ़।** अपराधियों के जरिये लेवी वसूलने के लिए एक बार फिर व्यवसायी को निशाना बनाया गया है। कुजू ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में हुई गोलीबारी कांड का जायजा लेने के लिए सोमवार को एसपी अजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायल अनिल कुमार केसरी के परिजनों से बात की और उन्हें पूरी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों से भी बात की। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पर भी एसपी ने बारीकी से नजर दौड़ाई। एसपी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी सूरत में उन्हें पकड़ा जाएगा। साथ ही व्यवसायियों को पूरी सुरक्षा भी मुहैया कराई जाएगी। एसपी ने कुजू ओपी प्रभारी के साथ-साथ अन्य थाना प्रभारी को भी अलर्ट रहने को कहा है। मांडू कुजू और वेस्ट बोकारो क्षेत्र में कोयला व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने के लिए अपराधी इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। गैंग के हर स्लीपर सेल पर पूरी नजर रखी जाएगी और जांच अभियान भी तेज किया जाएगा।



# पीसीसी पथ बनाकर बंद किया गया घर के पानी का निकास

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** नगर पंचायत के संवेदक द्वारा चन्द्री के सोरहबिगहवा टोले पर मुख्य पथ सुरेश मेहता के घर से प्रेमशंकर शर्मा के घर तक बिना नाली बनाये ही पीसीसी पथ बनाकर घर का पानी निकासी बंद किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में रामपरीखा मेहता उर्फ रामसरेस मेहता द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर मामले की जानकारी दी। दिये गये पत्र में कहा गया है कि उन्होंने 29 नवंबर 2024 को लिखित आवेदन देकर पीसीसी पथ से पहले नाली बनवाने की मांग की थी। लेकिन आवेदन देने के 10 दिन बाद ही ठेकेदार द्वारा जबरन पीसीसी पथ बना दिया गया। जबकि आवेदन देते समय कार्यपालक पदाधिकारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया था कि नाली बनाने के बाद ही पीसीसी पथ बनेगा। श्री मेहता ने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे घर के पानी का निकास पश्चिम सड़क पर था और पीसीसी पथ बनने के बाद घर का पानी निकासी तरह से निकासी बंद हो गया है। वर्तमान में मुख्य पथ घर से लगभग दो फिट ऊंचा हो गया है जिससे वर्षा होने पर मुख्य पथ का पानी अब नाली के माध्यम से मेरे घर में प्रवेश कर सकता है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्य पथ में नाली नहीं होने के कारण वह अपने घर का पानी मुख्य पथ में भी नहीं निकाल सकते अगर मुख्य पथ पर नाली बनाया गया होता तो घर के पानी का निकास उसमें हो सकता था। लेकिन अब उनके घर के नाली का पानी निकासी पूरी तरह से बंद हो गया है। जिससे हमारे पूरे परिवार के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में पूछने पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पथ निर्माण विभाग को पत्र भेजकर मुख्य पथ पर नाली निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर विकास विभाग द्वारा नाली मद की राशि नही भेजी गई है। राशि आते ही नाली निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### पंचायतों में महिला व बाल सभा



**विश्रामपुर :** सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर पंचायतों में इन दिनों महिला व बाल सभा आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को बघमनवा पंचायत सचिवालय व घासीदाग पंचायत सचिवालय में बाल सभा व महिला सभा का आयोजन किया गया। बघमनवा में आयोजित सभा का उद्घाटन मुखिया मंजू देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। महिलाएं जब स्वालंबी बनेंगी तब ही गांवों का पूर्ण विकास संभव है। सभा में सरकार की ओर से बच्चों व महिलाओं को मिलने वाले योजनाओं के लाभ की जानकारी दी गयी।सभा में मंईयां सम्मान योजना व प्रमाण पत्र संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुआ। इधर घासीदाग पंचायत में आयोजित सभा का उद्घाटन मुखिया अंजू कुमारी ने किया। वहां सबसे ज्यादा आवेदन मंईयां सम्मान योजना का प्राप्त हुआ। इसके अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर मनीष कुमार, रेखा कुमारी, सुनीता देवी, मानो देवी, गीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

खेल

## विधायकद्वय ने बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

# अनंत ने किया मदद का वादा

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** मझिआंव गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला सीजन 3 के तत्वावधान में आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार की शाम में किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव एवं राधा कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। उसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच मझिआंव एवं विश्रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें मझिआंव की टीम ने दो सेटों में लगातार दो जीरो का स्कोर कर विजेता रही। वहीं दूसरी सेट में मैच मेदिनीनगर एवं विश्रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें मेदिनीनगर की टीम ने भी दो सेटों में लगातार दो जीरो से जीत हासिल की।

मौके पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने नया सवेरा नया उजाला के सभी मेंबरों सहित आम अवाम को नये साल की शुभकामनाये दी। साथ ही उन्होंने बैडमिंटन टूनार्मेंट के आयोजन कर्ता मारुति नंदन सोनी को भी धन्यवाद दिया। कहा कि आप लोग क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल या बैडमिंटन आदि जब भी किसी प्रतियोगिता का आयोजन करें, लोकल बच्चों (खिलाड़ियों) को जरूर प्राथमिकता दें। ताकि लोकल खिलाड़ी अपने प्रतिभा को निखार सके। उन्होंने कहा कि मैं आप सबों के बीच एक से डेढ़ माह का विधायक हूं और मैं बिना जाने समझे खजूरी जलाशय योजना को पूरा करूंगा। चाहे जिस रूप में बने सरकारी व्यवस्था से या अपनी व्यवस्था से मैं इसको जरूर पूरा करूंगा। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि महागठबंधन के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव से पूर्व मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया था। वादा पूरा करने का समय आ चुका है। मंईयां सम्मान योजना का पहला किस्त 6 जनवरी को 2500 तथा दूसरा किस्त 15 जनवरी को 2500 रुपये यानी जनवरी में सभी महिलाओं के खाते में 5000 रुपये भेजने की शुरूआत हो चुकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि मझिआंव का सबसे महत्वपूर्ण काम कोयल नदी पर तटबंध का निर्माण करना है। अगर समय रहते तटबंध का निर्माण नहीं कराया गया तो मझिआंव नगर पंचायत का पूरा इलाका नदी में समाहित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर गढ़ मेरा घर है तो मझिआंव आंगन है। उन्होंने लोगों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव के चचेरे भाई दीपक प्रताप देव एवं पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव ने भी अपना उद्गार व्यक्त किया। मुख्य अंपायर की भूमिका में विनोदानंद त्रिपाठी उर्फ रिंकू पंडा, चंदन कमलापुरी एवं पप्पू खलीफा तथा कमेंटेटर की भूमिका पप्पू जायसवाल ने निभाया। मौके पर नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूनार्मेंट के तमाम मेंबरों के अलावा शहर के गणमान्य लोग शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनायी गयी गुरु गोविंद सिंह जयंती

बंशीधर न्यूज



**श्री वंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को दशम सिक्ख गुरु- गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। जयंती का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक एवं आचार्य अशोक कुमार ने भारत माता, ॐ, मां शारदे एवं गुरु गोविंद सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। आचार्य अशोक कुमार ने अपने बौद्धिक में कहा कि नौ साल के आयु में गुरु गोविंद सिंह सिक्ख धर्म के दशवें गुरु बने थे। उनके द्वारा ही नारा दिया गया था कि जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का मतलब है कि ईश्वर ही अंतिम सत्य है, ईश्वर के बिना कोई कार्य संभव नहीं हैं जो इस बात को मानते हैं उस पर ईश्वर का आशीर्वाद सदा बना रहेगा। उन्होंने मुगलों के विरुद्ध बहुत संघर्ष किया और कभी भी अपने धर्म को नहीं छोड़ा। अपने धर्म और देश की रक्षा करने में वे दृढ़ संकल्पित और एक पर्वत की तरह अडिग थे। उनका कहना था कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गोविंद सिंह नाम कहाऊँ जो कि उनकी साहस और वीरता को दर्शाता है। उनके द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य देश और धर्म की रक्षा करना है। उन्होंने खालसा पंथ के पांच क प्रतीक बताये केश नहीं कटवाना, कंघा रखना, कड़ा पहनना, कृपाण रखना और कच्छा धारण करना। गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार ने देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों को बलिदान कर दिया था। उनके पिता गुरु तेगबहादुर भी नवम गुरु के पद पर शोभित हुये थे। अतः इस दिन गुरु गोविंद सिंह को याद करके उनके जैसा देश भक्त बनने की प्रेरणा लेनी चाहिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी एवं भैया-बहनों की प्रमुख भूमिका रही।

## रेलवे लाईन से युवक का शव बरामद



**कांडी :** थाना क्षेत्र के बलियारी गांव निवासी 18 वर्षीय युवक का शव पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत गढ़वा रोड-सोन नगर रेलखंड पर रेलवे ट्रैक से सोमवार की सुबह मोहम्मदगंज पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये हुसैनाबाद भेजा है। घटना कोसियारा-मोहम्मदगंज स्टेशन के बीच डाली गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से घटी हुई बताई जा रही है। घटना की सूचना पाते ही मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार एएसआई शेख अमानुल्लाह पुलिस बल के साथ पहुचें। घटनास्थल के पास एक बाईक भी ट्रैक किनारे लगाया हुआ था। जानकारी मिलते ही परिजन भी खोजते हुये घटनास्थल पहुंचे। मृत युवक की पहचान प्रकाश दुबे उर्फ जानसू दुबे उम्र करीब 18 वर्ष गढ़वा जिला के कांडी थाना अंतर्गत बलियारी गांव निवासी सुरजीत दुबे के पुत्र के रूप में की गई। परिजनों के अनुसार मृतक करीब छह माह से घर पर ही रह रहा था, जो कोटा राजस्थान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगा हुआ था। वह इन दिनों मानसिक रूप से परेशान भी था। मोहम्मदगंज पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजने के साथ ही हत्या है या आत्महत्या मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक ने लगाया देव बृक्ष पीपल



**मझिआंव :** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक बृजबिहारी पांडेय सोमवार को अपने पैतृक आवास दलको पहुंचे। गांव के उत्तर में स्थित ध्वस्त हो चुके प्राचीन देवबृक्ष पीपल के स्थान पर नया पीपल का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह देवबृक्ष जैसे जैसे बढ़ेगा वैसे वैसे मेरे गांव का भी विकास होगा। उन्होंने ग्राम वासियों से गांव के विकास के लिये कदम कदम पर साथ चलने एवं भरपूर सहयोग करने का आस्वासन दिया। श्री पांडेय ने कहा कि वे भले ही राज्य की राजधानी रांची में रहते हों लेकिन उनका दिल गांव में ही बसता है। यहां की मिट्टी में वे खेलकर पले बढ़े हैं। इसलिये यहां के बच्चे बूढ़े सभी अति प्रिय हैं। उन्होंने कहा कि गांव का ऐतिहासिक देवबृक्ष गिर गया था इसलिये एक नया पीपल का पौधा लगाया गया है और निजी खर्च से ब्रह्म बाबा के चबूतरे का निर्माण कराया। उन्होंने गांव के ऐतिहासिक ठाकुर बाड़ी मंदिर (राम सीता व लखनलाल) के संबंध में बताया कि मंदिर का लगभग 25 एकड़ भूमि है, जिसकी ग्रीष्म ऋतु में मापी कराई जायेगी। इस बारे में उन्होंने धार्मिक न्यासबोर्ड के झारखंड प्रदेश सदस्य हृदयानंद मिश्रा से भी बात कर चुके हैं। मौके पर द्वारिका नाथ पांडेय, योगेश्वर पांडेय, ललित शर्मा, कामाख्या नारायण पांडेय, धर्मराज तिवारी, मारकंडे पांडेय, नंदन कुमार पासवान, सुभाष पांडेय, चेतन पांडेय, उज्जवल दुबे, शिवम शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में मलेरिया बचाव एवं नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम



**गढ़वा :** सदर अस्पताल के सभागार में सोमवार को कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरो के साथ मलेरिया बचाव एवं नियंत्रण से संबंधित उन्मुखीकरण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएस डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मझिआंव, रंका और भंडरिया के सीएचओ को मलेरिया, फाईलेरिया, कालाजार, डेंगू, जेई जैसी बीमारियों के बचाव और नियंत्रण पर चर्चा की गई। इस दौरान सीएस ने फाईलेरिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की बचाव और नियंत्रण पर जोर दिया और सही तरीके से ब्लड टेस्टिंग करने की महत्वता के बारे में बताया। प्रशिक्षक जिला वीबीडी (वेक्टर-जनित रोग) पदाधिकारी डॉ पुष्पा सहगल और जिला वीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी ने कम्युनिकेबल और नॉन कम्युनिकेबल डिजीज को ओरिएंट किया और टीम एमडीए राउंड को लेकर टीम को प्रोत्साहित करने और 10 से 25 फरवरी के बीच हो रहे इस राउंड में रोल और रिस्पांसिबिलिटी पर विस्तार से चर्चा की गई। पिरामल के प्रोग्राम मैनेजर कमल मिश्रा और सीनियर प्रोग्राम लीड ने सीएचओ को पंचायत के साथ मिलकर काम करने और जागरूकता अभियान को सही तरीके से करने पर जोर दिया जिससे प्रोग्राम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मलेरिया, फाईलेरिया जैसी गंभीर समस्याओं को जागरूकता अभियान द्वारा इसका समाधान किया जा सकता है। मौके पर सीएचओ सुग्रीव धाकड़, असित राज पटेल, शशि तिर्की, अनिमा टोप्पो, असुल चौधरी, खुशबु राय आदि उपस्थित थे।

## डंडई मेराल धुरकी मुख्य पथ के साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग, थानेदार ने कहा

# खुद की सुरक्षा के लिये बाईक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें

बंशीधर न्यूज



**डंडई :** पुलिस की ओर से रविवार को डंडई मेराल धुरकी मुख्य पथ के साथ-साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर चलाये गये अभियान के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों की ओर से दो पहिया वाहनों की बारीकी से जांच पड़ताल की गई। थाना के एएसआई मुरारी पासवान के नेत्तृत्व मे एंटी क्राईम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर डंडई-मेराल मुख्य पथ के क्रशर प्लांट पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को बारी बारी रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर जांच किया गया। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाईक चालकों को जहां पुलिस पदाधिकारी के द्वारा कड़ी फटकार लगाई गई। वहीं वाहन चलाते समय हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का उन्हें सख्त निर्देश दिया गया। वहीं पूछे जाने पर थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी क्राईम व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सभी तरह के वाहनों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के बाईक चला रहे लोगों को कड़ा निर्देश देकर छोड़ दिया गया है। जबकि अगली बार कभी भी वे बिना हेलमेट के पकड़े जाएंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि बाईक चलाते समय हेलमेट और जूता जरूर पहनें। उन्होंने कहा कि हमारी एक असावधानी से बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कहा जिंदगी अनमोल है इसे थोड़ी सी असावधानी करके सड़क दुर्घटना में अपनी जान न गवाएं। जीवन की सुरक्षा के लिये हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। वाहन चलाते वक्त कभी भी मोबाईल से बात नहीं करें और न ही गाना सुनें। नाबालिग को वाहन नहीं चलाने दें। नशा व क्रोध में वाहन चलाने का प्रयास नहीं करें। अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही से होती है।



# श्री बंशीधर नगर के इंदीवर शुक्ल ने बनायी अपनी राष्ट्रीय पहचान

## अभाविप के राष्ट्रीय सह संयोजक बने

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के जतपुरा गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक तीर्थराज शुक्ल के पोता व बीआरसी कांडी के लेखापाल प्रदीप कुमार शुक्ला एवं सहायक अध्यापिका कुमारी इंदू के पुत्र इंदीवर शुक्ल शिक्षा में उत्कृष्टता के साथ-साथ छात्र राजनीति में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। फिलहाल उन्हें एबीवीपी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य और विकासार्थ विद्यार्थी के राष्ट्रीय सह संयोजक की जिम्मवारी दी गई है। साथ ही उन्हें चार राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं दिल्ली का कार्य दायित्व दिया गया है। यहां बताते चलें कि इंदीवर शुक्ल ने अपनी शिक्षा की शुरूआत डीएवी भवनाथपुर टाउनशिप से की, जहां उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा 10 सीजीपीए के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने उच्च माध्यमिक की शिक्षा डीपीएस रांची से प्रथम श्रेणी में पूरी की और फिर गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के न्यायलिक विज्ञान विभाग से स्नातक में प्रथम श्रेणी प्राप्त की। शिक्षा में उत्कृष्टता के साथ-साथ, इंदीवर शुक्ल ने छात्र राजनीति में भी सक्रिय भागीदारी की। कुशल संगठन कर्ता एवं मधुरभाषी होने के कारण उन्होंने राष्ट्रीय पहचान बनाई है। वे न केवल एक मेधावी छात्र हैं। अपने प्रारंभिक समय से ही उन्होंने नेतृत्व की क्षमता का विकास करने का प्रयास किया और अपने उत्कृष्ट कार्यों से आज राष्ट्रीय स्तर पर सबका ध्यान आकर्षित किया है। वे सबसे पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के केंद्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के मंत्री बने। उसके बाद उन्होंने एबीवीपी छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं विकासार्थ विद्यार्थी छत्तीसगढ़ के प्रांत संयोजक के रूप में कार्य किया। परास्नातक की पढ़ाई के साथ वर्तमान में एबीवीपी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य और विकासार्थ विद्यार्थी के राष्ट्रीय सह संयोजक के दायित्व का निर्वाहन कर रहे हैं।

**अपराध** कुख्यात अपराधी थे मारे गये भरत और दीपक, रिश्तेदार के घर में छिपे थे एक सप्ताह से

# आधी रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया गांव, ग्रामीणों में दहशत

## अपराधियों ने घर में घुसकर मारी गोली

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** शहर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में रविवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर दो युवकों की हत्या कर दी। इस घटना में दो अन्य युवक घायल हुये हैं, जिनके पैर व हाथ में गोली लगी है। घालयों को इलाज के लिये एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। मृत युवकों की पहचान कोयलांचल के गिरोह के सुप्रीमो भरत पांडेय और उसके राईट हैंड दीपक साव के रूप में हुई है। भरत पांडेय पतरातू के प्रदीप पांडेय का पुत्र है। वहीं दीपक साव नंदकिशेर साव का पुत्र है। बताया जाता है कि दोनों अपराधी पिछले 31 दिसंबर से गरदा गांव में अपने रिश्तेदार के यहां पनाह लिये हुये थे। गरदा में भरत पांडेय के मौसा का घर है। मौसा के घर में ही दोनों की हत्या हुई है। इस घटना के बाद सोमवार की सुबह एसपी रीष्मा रमेशन ने घटनास्थल का दौरा कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपराधिक हत्या प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस कई अन्य बिन्दुओं पर भी जांच कर रही है। समझा जा रहा है कि भरत पांडेय और दीपक के बारे में अपराधियों को सटीक सूचना थी। जिस कमरे में दोनों सोये हुये थे, उसी कमरे में अपराधी सीधे पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जबकि बगल के कमरे में सोये हुये महावीर सिंह और अंशु सिंह को अपराधियों ने भागने के क्रम में पैर और हाथ में गोली मारी है। अपराधी ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुये और सीधे दोनों के कमरे में पहुंचे थे। अपराधियों की संख्या आधा दर्जन से अधिक बतायी जा रही है। अपराधियों द्वारा की गयी ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास की लोगों की भी नींद खुल गयी थी। हालांकि भय के कारण कोई घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाया था। बताया जाता है कि भरत और दीपक को गोली मारने के बाद अपराधी पैदल भाग गये। घटनास्थल मेन रोड से करीब 300 मीटर की दूरी पर है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार अपराधियों ने रोड पर ही गाड़ी को खड़ा किया था और घटना को अंजाम देने के बाद रोड तक अपराधी पैदल भागे हैं। पुलिस के स्निफर डॉग भी घटनास्थल से रोड तक गये थे। घटनास्थल पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा और सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार कैंप कर रहे हैं। इधर भरत के मौसा अजय सिंह ने बताया कि वे दूसरे कमरे में सोये हुये थे। अचानक गोलियों की आवाज आने लगी। उन्हें लगा कि बच्चों के कमरे में बिजली की तार आपस में सट गई है। बाहर निकला तो देखा कि आधा दर्जन के करीब अपराधी भाग रहे हैं। कमरे में भरत और दीपक की मौत हो गई थी। भतीजा अंशु और भांजा महावीर सिंह को भी गोली लगी थी। पुलिस की जांच में घटनास्थल पर गोली और खोखा बिखरा पड़ा मिला है। पुलिस के अनुसार अपराधियों ने हत्याकांड में 7.65 एमएम पिस्टल का इस्तेमाल किया है। पुलिस ने भरत के ड्राईवर को हिरासत में लिया है, जो पलामू का रहने वाला है। करीब तीन महीने पहले ही पलामू का युवक भरत का ड्राईवर बना था। पुलिस के अनुसार घर के अंदर से ताला खोला गया है, जिससे अपराधी अंदर दाखिल हुये। भरत रामगढ़ में 10 बड़ी घटनाओं का आरोपी है। रांची से एफएसएल की टीम भी पलामू पहुंकर जांच कर रही है। एफएसएल जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जायेगा। पुलिस के अनुसार मृतक भरत और दीपक का आपराधिक इतिहास रहा है। वे पतरातू के पांडेय गिरोह से जुड़े रहे हैं। बताया जाता है कि भरत और दीपक की कोयलांचल में कई आपराधिक गिरोह के साथ वर्चस्व की लड़ाई थी। भरत के चाचा अशोक पांडेय, भोला पांडेय गिरोह का सदस्य हुआ करते थे। 2021 में अशोक पांडेय की हत्या हुई थी। चाचा की हत्या का बदला लेने के लिये भरत ने अशोक बक्शी नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद भोला पांडेय के गिरोह से भरत पांडेय अलग हो गया था और खुद एक नया गिरोह खड़ा किया था। भरत जुलाई 2024 को जेल से बाहर निकला था। जेल से निकलने के बाद कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था।





## न्यूज अपडेट्स

### जेल जाने की बाध्यता समाप्त हो : हृदयानंद

**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी हृदयानंद मिश्र ने झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित समस्त आंदोलनकारियों को एक समान मासिक पेंशन सुनिश्चित की जाय। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने की भी मांग की है। श्री मिश्र ने कहा कि आज झारखंड राज्य का अस्तित्व में आना झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग-तपस्या का ही प्रतिफल है। सभी झारखण्ड आंदोलनकारियों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अपना योगदान दिया है, वे सभी सम्मान पाने के समान भागीदार हैं।

### ट्रक के धक्के से युवक की मौत



**मेदिनीनगर :** पाटन के कुंदरी जंगल के पास एक ट्रक (एमपी 13 जीबी 5869) ने पाटन प्रखंड अंतर्गत उताकी पंचायत निवासी लालू राम के पुत्र मनोज राम (35) को धक्का मार दिया। इस घटना में मनोज राम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना 5 जनवरी शाम की है। मनोज राम बाईक (जेएच 03 के 3960) से अपना काम कर घर लौट रहे थे। घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह) मौके पर पहुंचे और पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की। संग्राम सिंह ने बताया कि मनोज राम एक गरीब व्यक्ति थे जो बड़ी मेहनत से अपने परिवार का पालन पोषण करते थे, उन्होंने सभी ग्रामीणों के साथ प्रशासन से कार्रवाई कर उचित न्याय दिलाने की मांग की है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान




**गढ़वा :** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के दिशा निर्देश पर 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को जिले के सहिजना में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी ने विधवा अंजलि कुंवर जो किसी तरह अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं उन्हें स्पॉन्सरशिप के तहत चार हजार रुपए प्रतिमाह दिलाने के लिये प्रक्रिया प्रारंभ की। इनकी पुत्री निशा कुमारी एवं पुत्र शैलेश राम पैसे के अभाव में पढ़ाई बंद कर दिये हैं। जिसके बाद पुत्री को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की भी प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। इस दौरान एक अन्य विधवा फूलमती कुंवर पति स्व प्यारी राम उन्हें अब तक वृद्धा पेंशन नहीं मिला उन्हें भी वृद्धा पेंशन का लाभ के लिये पीएलवी ने प्रयास शुरू कर दिया है। इस कार्य को देखते हुये ग्रामीणों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की काफी सराहना की है। साथ ही पीएलवी ने अन्य कई योजनाओं के बारे में भी जानकारी ग्रामीणों की दी गई। मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे, कृष्णानंद दुबे, अरविंद तिवारी, संगीता सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल में मनी गुरू गोविंद सिंह की जयंती




**गढ़वा :** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल सह जयहिंद कोचिंग सेंटर में सिक्खों के दसवें और अंतिम गुरु गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। निदेशक सुशील केशरी ने दीप जलाकर सेमिनार की शुरूआत की। तत्पश्चात बच्चों को गुरु गोविंद सिंह की जीवनी के बारे में अवगत कराया गया। मौके पर अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह का जन्म 6 जनवरी 1966 को पटना में हुआ था। उनकी माता का नाम गुजरी तथा पिता का नाम गुरु तेग बहादुर था। बचपन से ही वे काफी कुशाग्र और वीर थे। 7 अक्टूबर 1708 को 42 वर्ष की उम्र में नांदेड़ में उनकी मृत्यु हुई। वह धैर्य साहस एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। मिथिलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उनके जन्म दिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिये अपने पुत्रों तक को बलिदान कर दिया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर ओम प्रकाश शर्मा, मदन मोहन द्विवेदी, सचिव पूनम देवी सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय में कंबल वितरण



**भवनाथपुर :** पंचायत सचिवालय में लगभग डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया बेबी देवी, प्रमुख शोभा देवी, जिला पार्षद रंजनी शर्मा और उपमुखिया समलेश राउत ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डों में निवास करने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर वर्ग के महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरित किया। मौके पर मुखिया बेबी देवी ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण कड़ाके की ठंड और शीतलहर से गरीब और असहाय लोगों को बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मौके पर झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, वार्ड सदस्य सुंदर देवी, रानी देवी, रीना बारी सहित पंचायत के कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

**23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का 21वां दिन**

# रामासाहू व बीपी डीएवी सेमीफाईनल में

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 21वें दिन रामासाहू की टीम ने आरके पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से व बीपी डीएवी ने जवाहर नवोदय को 17 रनों से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। गोविंद हाईस्कूल के मैदान में खेले जा रहे मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रामासाहू के गेंदबाज कार्तिक और अभिनव ने घातक गेंदबाजी करते हुये आरके पब्लिक को 61 रन पर ही समेट दिया। कार्तिक और अभिनव ने चार चार विकेट झटके। जबाबी पारी खेलने उतरी रामासाहू अजीत के 21 के सहयोग से छह ओवर शेष रहते दो विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। दूसरे मैच में बीपी डीएवी पहले बल्लेबाजी करने उतरी। सलामी बल्लेबाज ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुये पहले विकेट के सात ओवर में 72 रन की साझेदारी करते हुये निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 149 रन बनाये। जिसमें प्रतुष के 34, ऋषभ के 33 और सत्यम के 32 रन शामिल हैं। जबाबी पारी खेलने उतरी जवाहर नवोदय की टीम हिमांशु 63, रोशन के 32 रन के सहारे 132 रन ही बना पाई। बीपी डीएवी की और से प्रत्यूष ने तीन विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामासाहू के कार्तिक और बीपीडीएवी के प्रत्युष को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुधीर पाठक, पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, चंदन कश्यप, विनय पांडेय, आशुतोष रंजन, रजनीश ठाकुर, सोनू ने प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज, प्रवीण मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, नमन आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत, गोलू दास आदि लोग उपस्थित थे।



## 'इमरजेंसी' का दूसरा ट्रेलर रिलीज, 17 को सिनेमाघरों में

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का दूसरा ट्रेलर 2 भी रिलीज हो गया है। यह फिल्म कई कारणों से खास है। पहला, इसका निर्देशन और लेखन खुद कंगना ने किया है, जो उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दशार्ता है। दूसरा, फिल्म का ऐतिहासिक संदर्भ, जिसमें 1975-77 के आपातकाल के दौर को दिखाया गया है। 'इमरजेंसी' का ट्रेलर सचमुच दिलचस्प और भावनात्मक है, जो उस दौर की अराजकता और संघर्ष को जीवंत रूप से दिखाता है। 25 जून, 1975 को आपातकाल की घोषणा के बाद देश के हालात और जनता का गुस्सा, सड़कों पर विरोध प्रदर्शन और सत्ता के दमनकारी रवैये को ट्रेलर में बखूबी पेश किया गया है। अनुपम खेर की जेल में बंद झलक दर्शकों को और अधिक उत्सुक बनाती है, क्योंकि उनकी भूमिका फिल्म में काफी महत्वपूर्ण लग रही है। इसके अलावा कंगना ने इंदिरा गांधी के किरदार में जिस तरह से डूबकर परफॉर्म किया है, वह तारीफ के काबिल है। उनका बोलने का अंदाज, चेहरा और आत्मविश्वास दर्शकों को प्रभावित कर रहा है। इस ट्रेलर ने फिल्म के प्रति दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ा दी है। फिल्म 'इमरजेंसी' में अभिनेत्री कंगना के अलावा और भी बेहतरीन कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, विशाक नायर और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी नजर आएंगे। फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज का सफर काफी चुनौतीपूर्ण रहा है।

## गदर-3 पर अमीषा पटेल के बयान ने फैंस की बढ़ाई एक्साइटमेंट



बॉलीवुड अभिनेता सनी देयोल और अमीषा पटेल की फिल्म 'गदर- एक प्रेम कथा' 2001 में रिलीज हुई थी। 22 साल बाद 'गदर' का सीक्वल सिनेमाघरों में रिलीज हुआ। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। 22 साल बाद भी सनी देयोल की वही दीवानगी देखने को मिली। अब फिल्म के तीसरे पार्ट की चर्चा शुरू हो गई है। इसके बारे में अभिनेत्री अमीषा पटेल उन्होंने एक अपडेट दिया है। 'गदर- एक प्रेम कथा' और 'गदर 2' में अमीषा पटेल ने सकीना का किरदार निभाया है। उनके किरदार को दर्शकों का खूब प्यार मिला। अब हाल ही में एक्ट्रेस अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। अमीषा एक समारोह में शामिल हुईं। उस वक्त अमीषा पटेल से पूछा गया कि क्या वह 'गदर 3' में नजर आएंगी तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ₹बिल्कुल तारा और सकीना के बिना गदर अधूरा है।₹ उनके इस बयान ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। यह एक पीरियड एक्शन ड्रामा होने वाली है। लेखक फिलहाल तीसरे पार्ट की कहानी पर काम कर रहे हैं।' गदर 3 में भी वही कलाकार होंगे।

**पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा सोमवार को बाबानगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की।**



# नक्सलियों ने जवानों के वाहन को आईईडी विस्फोट से उड़ाया, 8 जवान शहीद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंर्तगत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार दोपहर आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवानों कोरसा बुधराम, सोमडू वेंटिल, दुम्मा मड़काम, बमन सोढ़ी, हरीश कोर्राम, पण्डरू पोयम, सुदर्शन वेटी, सुभरनाथ यादव का बलिदान हो गया और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर तुलेश्वर राना, ग्राम आरापुर, जगदलपुर की भी मौत गई। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है। रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद ये सभी आठ जवान आज स्कार्पियो वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आज दोपहर 14:15 बजे आईईडी से विस्फोट कर जवानों को लेकर जा रहे स्कार्पियो वाहन को आईईडी से विस्फोट कर वारदात को अंजाम दिया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के सभी आठ जवानों का बलिदान हो गया और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी जान चली गई। इस विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गए। बताया गया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि वाहन कई फीट तक ऊपर उछल गया और जमीन में भी कई फीट का गड्ढा हो गया। घटनास्थल नक्सलियों के इस भीषण वारदात की कहानी को बयां कर रहा है। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कार्पियो वाहन सीजी 17 केडब्लयू 7937 में सवार हो गए थे। इस वाहन को उड़ाने के लिए बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया गया था। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गये, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की, जिसके खोखे भी बरामद किए गये हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुःख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 8 जवानों के बलिदान सहित एक वाहन चालक की मौत की खबर अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना के बाद अपने एक्स पर लिखा कि बीजापुर से आ रही खबर बेहद दुखद है। बीजापुर के कुटरू में माओवादियों ने सुरक्षाबलों के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया गया है। इस दुखद घटना में हमारे 8 जवान और एक वाहन चालक के बलिदान होने की सूचना है। हम सब बलिदानियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके बलिदान को कोटि-कोटि नमन करते हैं। लोकतंत्र विरोधी ताकतों के खिलाफ हम सब एकजुट हैं।

## एचएमपीवी वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** देश में ह्यूमन




मेटान्योमो वायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों की पुष्टि हो चुकी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कर्नाटक से एक तीन महीने की बच्ची और एक 8 महीने के बच्चे को एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाए जाने की पुष्टि की है। 3 महीने की बच्ची को बेंगलुरु के बैप्टिस्ट अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है, उसे ब्रोंकोप्न्यूमोनिया की शिकायत है। दूसरी आठ महीने की बच्ची का इलाज चल रहा है और वो अब स्वस्थ्य हो रही है। इसके बाद गुजरात से भी एक मामला सामने आया है। इन खबरों के बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक एचएमवीपी कोई नया वायरस नहीं है। यह भारत में 2001 में पहली बार पहचाना गया था। एचएमपीवी हवा के माध्यम से फैलता है। यह ज्यादा सर्दी के मौसम में फैलता है। चीन और आसपास के देशों में फैले एचएमवीपी की स्थिति पर नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ( आईसीएमआर) और स्वास्थ्य मंत्रालय गहन नजर बनाए हुए हैं। आईसीएमआर के डेटा के अनुसार मौजूदा समय में एचएमपीवी के मामलों में कोई तेज बढ़ोतरी नहीं देखी गई है।

**Hit लिस्ट**

## नेपाल भूकंप के तेज झटके से हिला

**काठमांडू।** नेपाल एकबार फिर भूकंप के तेज झटकों से



हिल गया है। भूकंप की तीव्रता रेक्टर स्केल पर 7.1 मापी गई है। भूकंप मापन केंद्र के मुताबित नेपाल में इसके तुरंत बाद दोबारा बड़ा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली ने लोगों से भूकंप के बड़े झटके के बाद लगातार आफ्टर शॉक आने की आशंका को देखते हुए सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की है। भूकंप का केंद्र बिंदू काठमांडू से करीब 280 किमी उत्तर और माउंट एवरेस्ट से करीब 90 किमी की दूरी पर बताया गया है। यह तिब्बत का पहाड़ी क्षेत्र है जहां मानव बस्ती बहुत कम होने की बात कही गई है। स्थानीय समय अनुसार भूकंप का पहला झटका 6:50 मिनट पर महसूस किया गया। यह झटका बहुत तेज रहा और लोग घरों से बाहर निकल गए। इसके कुछ ही मिनट बाद भूकंप के दूसरे झटके की तीव्रता 5.2 मापी गई।

## शेख हसीना के खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट



**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 11 अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आईसीटी ने जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है, उनमें सेना के पूर्व जनरल और एक पूर्व पुलिस प्रमुख समेत 11 नाम शामिल है। इन सभी पर कथित जबरन गुमशुदगी के मामलों में भूमिका निभाने का आरोप है। शेख हसीना के खिलाफ यह आईसीटी द्वारा जारी किया गया दूसरा गिरफ्तारी वारंट है।

**निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है, जिसमें तीन देशों आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स ने को-ऑनर के रूप में किया है निवेश**

# यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के सह-मालिक बने बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अनुमोदित यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में निवेश किया है। यह एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है, जिसमें तीन सदस्य क्रिकेट देशों - आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स ने को-ऑनर के रूप में निवेश किया है। ईटीपीएल 15 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा और इसमें तीनों देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दुनिया भर के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ मिलकर असली यूरोपीय शैली में खेलेंगे। यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा, क्रिकेट सिर्फ. एक खेल नहीं है, यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है। ईटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श मंच है। 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद, इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी।



मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्ड के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूँ। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरुआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाएँ और खेल शुरू करें। लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह द्वारा किया गया है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस कार्य समूह को प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को संचालित करने और टूर्नामेंट के प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्रशासनिक इकाई की स्थापना और संसाधन की देखरेख करने का काम सौंपा गया है। क्रिकेट आयरलैंड के सीईओ और ईटीपीएल के अध्यक्ष वारेन ड्यूट्रोम ने अभिषेक की भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा, खेल के प्रति उनका गहरा जुनून और उद्यमशीलता की सूझबूझ यूरोपीय क्रिकेट की स्थिति और प्रोफाइल को ऊपर उठाने के हमारे दृष्टिकोण में जबरदस्त मूल्य जोड़ती है। आईसीसी के समर्थन, हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति अभिषेक की प्रतिबद्धता, साथ ही रूल्स स्पोर्ट टेक के सौरव, प्रियंका और धीरज द्वारा टूर्नामेंट में लायी गयी असाधारण विशेषज्ञता के साथ, हमें विश्वास है कि हम एक ऐसा क्रिकेट अनुभव बना सकते हैं जो खेल को ऊपर उठाए, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करे और वैश्विक क्रिकेट मंच पर यूरोपीय क्रिकेट के लिए एक जबरदस्त मंच प्रदान करे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)